हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 05.07.2022 को सम्पन्न 20वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुनील कुमार चौधरी**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 3. | प्रो0 प्रदीप कुमार मिश्रा, कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | प्रो0 योगेश जोशी<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | प्रो0 नितेश पुरोहित<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 6. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 7. | डा0 रिपुदमन सिंह<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय,<br>एरोस्पेश इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 9. | प्रो0 एस0के0 सिंघल,<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 10. | प्रो0 अलक कुमार सिंह,<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार,<br>परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | प्रो0 डी0 परमार,<br>प्रोफेसर इंचार्ज, रिक्रूटमेंट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 13. | श्री गोपाल खरे<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह,<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य-सचिव |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 मनोज सिंह गौर,<br>निदेशक, आई0आई0टी0, जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 2 | **प्रो0 योगेश सिंह**<br>कुलपति<br>दिल्ली विश्वविद्यालय, बेन्टो जार्ज मार्ग, साउथ कैम्पस, साउथ मोतीबाग, नई दिल्ली–110021(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |

कार्य परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का कार्य परिषद् के सचिव द्वारा स्वागत किया गया और अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व विश्वविद्यालय के विगत 03 वर्षों में कैम्पस के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों में हुए प्लेसमेन्ट के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये अधिष्ठाता योजना एंव स्रोत जनन ने शैक्षिक सत्र 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 हुए प्लेसमेन्ट के विवरण के साथ प्लेसमेन्ट सेल को अधिक क्रियाशील बनाये जाने हेतु विभिन्न कार्य कायक्रमों को आयोजन एंव छात्रों की इम्प्लॉयबिलिटि बढ़ाने के प्रयासों को प्रस्तुत किया। परिषद के सदस्यों ने विगत 03 वर्षों के हुए प्लेसमेन्ट की संख्या पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसमें प्लेसमेन्ट के विवरण के साथ उच्च शिक्षा, राज्य एंव केन्द्र की सिविल सेवाओं एवं अन्य उपक्रमों में हुए प्रवेश/सिलेक्शन का विवरण भी सम्मिलित किया जाय।

**मद सं0 20.01: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 08/06/2022 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 08.06.2022 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर ए0के0टी0यू0 लखनऊ द्वारा नामित सदस्य प्रो0 मनीष गौर, प्रमुख सचिव वित्त के नामित सदस्य श्री अजय जौहरी एंव अपर मुख्य सचिव के नामित सदस्य डा0 रिपुदमन सिंह द्वारा ई–मेल/पत्र के माध्यम से बैठक में लिये गये निर्णय जिसके अन्तर्गत चयन हेतु संस्तुति प्राप्त बन्द लिफाफों पर शिकायतें प्राप्त होने के दृष्टिगत लिफाफों को खोले जाने से पूर्व "कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग तथा बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के अलावा कोई स्पेशिफिक नाम से शिकायत नहीं मिली है" का प्रमाण पत्र दिये जाने को उल्लिखित किये जाने की प्राप्त टीकाओ को अंकन कर संशोधित कार्यवृत्त जारी किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया है।

मद सं0 20.02: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 08/06/2022 को सम्पन्न 19वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

परिषद ने दिनांक 08.06.2022 को सम्पन्न 19वीं बैठक में लिये गये निर्णयो में की गयी कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

मद सं0 20.03 **परिषद की 19 वीं बैठक के मद संख्या 19.05 के अन्तर्गत बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के सहायक आचार्य पदो के लिये दिनांक 06.05.2022 को सम्पन्न साक्षात्कार एंव कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज 3 से 4 प्रोन्नति हेतु एवं मद संख्या 19.16 के सापेक्ष एम0सी0ए0 एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग के सह आचार्य तथा सहायक आचार्य पदों के लिये दिनांक 14.05.2022 को सम्पन्न साक्षात्कार एवं कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत स्टेज 3 से 4 प्रोन्नति प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष गठित समिति की प्राप्त आख्या के अवलोकन के सम्बन्ध में।**

परिषद ने दिनांक 08.06.2022 को सम्पन्न 19वीं बैठक के मद संख्या 19.05 एंव 19.16 पर गठित जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पटल पर प्रेषित की गयी जिस पर अवलोकन कर विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार कार्यपरिषद ने यह पाया कि चयन प्रक्रिया में किसी अभ्यर्थी विशेष का कोई पक्ष नहीं किया गया तथा सारी प्रक्रियायें बोनाफाइड तथा विश्वविद्यालय के हित में की गयी है और सभी शिकायतें बलहीन है, तदोपरान्त मा0 सदस्यों ने बायोकेमिकल इंजीनियरिंग एंव कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग तथा एम0सी0ए0 के चयनित अभ्यर्थियों के बन्द लिफाफों को खोले जाने पर सहमति व्यक्त करते हुये दिनांक 05.05.2022 एंव 14.05.2022 को Teaching Skill / Presentation एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा संस्तुति तथा प्रतीक्षा सूची पर अनुमोदन प्रदान किया गया। संस्तुति के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची निम्नवत है:-

<u>बायोकेमिकल इंजीनियरिंग (सीधी भर्ती)</u>

(i) आचार्य (अनुसूचित जाति)

कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया गया।

(ii) सहायक आचार्य (अन्य पिछड़ा वर्ग)

1. राज कमल कुशवाहा

प्रतीक्षारत्

1. शैलेन्द्र सिंह शेरा

(ई0डब्यू0एस0)

1. रोमा अग्रहरी

अनुसूचित जाति

1. श्रवण कुमार

प्रतीक्षारत्

1. उमेश कुमार
2. मोती लाल

**(iii)** कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नति पर विचार हेतु बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डा0 ललित कुमार सिंह, सहायक आचार्य को दिनांक 06.05.2022 की चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति की संस्तुति के आधार पर डा0 ललित कुमार सिंह को स्टेज–3 से स्टेज–4 (एसोसिएट प्रोफेसर) ए0जी0पी0 9000/– दिनांक 03.02.2016 से प्राप्त संस्तुतियों पर कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

**एम0सी0ए0 एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग (सीधी भर्ती)**

**(iv) सह आचार्य (अनारक्षित)**

1. राशि अग्रवाल

**प्रतीक्षारत्**

1. प्रदीप कुमार गुप्ता

**अन्य पिछड़ा वर्ग**

1. विवेक सिंह वर्मा

**(v) सहायक आचार्य (अन्य पिछड़ा वर्ग)**

1. इमरान खान

**(vi)** कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नति पर विचार हेतु एम0सी0ए0 एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों डा0 अनीता यादव, सह आचार्य, डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, सहायक आचार्य, डा0 प्रभात वर्मा, सहायक आचार्य को दिनांक 14.05.2022 को चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। चयन समिति द्वारा दी गई

संस्तुति के आधार पर डा0 अनीता यादव, सह आचार्य को स्टेज–4 से स्टेज–5 (आचार्य) ए0जी0पी0 10000/– दिनांक 16.01.2016, डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, सहायक आचार्य को स्टेज–3 से स्टेज–4 (सह आचार्य) ए0जी0पी0 9000/– दिनांक 27.02.2016, डा0 प्रभात वर्मा, सहायक आचार्य को स्टेज–3 से स्टेज–4 (सह आचार्य) ए0जी0पी0 9000/– दिनांक 13.01.2016 से प्राप्त संस्तुतियों पर कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 20.04 **श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र निरस्त पाये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजीनियरिंग के अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र दिनांक 08.07.2009 को निर्गत प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय द्वारा जांच कराये जाने पर जिलाधिकारी मऊ के पत्र दिनांक 1678/प्रमाण–पत्र लिपिक/22 दिनांक 16.06.2022 के द्वारा तहसीलदार घोसी से प्राप्त आख्या के अनुसार उक्त प्रमाण पत्र दिनांक 16.08.2014 को निरस्त किया जा चुका है, तथा प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खण्ड पीठ लखनऊ में रिट संख्या 10683/2014 विचाराधीन है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कार्य परिषद ने निर्णय लिया कि तथ्यों को छिपाने के क्रम में श्री जय प्रकाश नायक का पक्ष जानने हेतु स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्णयार्थ आगामी कार्य परिषद की बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 20.05 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय–कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर–208002**

संख्या : 1152/अदम/ओटीटीएससी/कार्य0परि0–20वीं कार्यवृत्त/2022 दिनांक : 07.07.2022

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सदस्य–सचिव